# प्रगति आख्या (2018)

डॉ. उमेश कुमार झा, प्राचार्य

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनूपशहर अपनी स्थापना के 53 वर्ष पूर्ण कर चुका है। सन् 1965 से 2018 तक की इस अवधि में महाविद्यालय ने उत्तरोतर संरचनात्मक एवं गुणात्मक प्रगति की है। महाविद्यालय के अनेक छात्र एवं छात्राओं ने विश्वविद्यालय स्तर पर शैक्षिणक तथा विभिन्न पाठ्यसहगामी कार्यक्रमों में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। वर्तमान समय में चार अनुदानित एवं चार स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं, जिनमें कुल 1527 छात्र-छात्रायें अध्ययनरत हैं। शैक्षणिक उपलब्धियों एवं अनुशासन की दृष्टि से यह महाविद्यालय चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में अपना विशिष्ट स्थान रखता है।

1. सत्र 2017-2018 का विश्वविद्यालय परीक्षाफल विगत वर्ष की भाँति उत्तम रहा है। महाविद्यालय में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार परीक्षाफल निम्न प्रकार है–

| पाठ्यक्रम | परीक्षाफल (उत्तीर्ण प्रतिशत) |
|---|---|
| बी.ए. | 96.03% |
| बी.एस-सी. | 100% |
| बी.कॉम. | 90.90% |
| बी.सी.ए. | 90.72% |
| एम.ए. (संस्कृत) | 83.33% |
| एम.एस-सी. (भौतिकी) | 93.33% |
| एम.एस-सी. (रसायन) | 92.85% |
| बी.एड. | 100% |

2. प्रबन्ध समिति द्वारा महाविद्यालय में सभी कक्षायें सुचारू रूप से चलाने हेतु विभिन्न विषयों में शासन स्तर से शिक्षकों के रिक्त पदों के सापेक्ष अंशकालिक शिक्षकों (ट्यूटर) की व्यवस्था की गयी है।
3. महाविद्यालय में रेडियो फ्रिकवेंसी लिंक द्वारा 4G की गति से सभी विभागों, पुस्तकालयों तथा कार्यालयों मे इंटरनेट की सुविधा प्रदान की गयी है ।
4. "आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC)" के तत्वाधान में शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों की गुणवत्ता संवर्धन का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।
5. उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा चयनित श्री लक्ष्मण सिंह ने संस्कृत विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर दिनांक 24-09-2018 को कार्यभार ग्रहण किया।
6. जयप्रकाश सेवा संस्थान द्वारा महाविद्यालय में जिमनेजियम, मुख्य द्वार तथा सुरक्षाकर्मीयों हेतु शौचालय का निर्माण कराया गया इसके साथ प्राचार्य कक्ष एवं कफेटेरिया जीर्णोद्वार भी कराया गया।
7. महाविद्यालय में दिनांक 24 फरवरी 2018 को "उच्च शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धनः सम सामयिक मुद्दे" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।
8. दिनांक 21-06-2018 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों को योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया गया।
9. 10 अगस्त 2018 को साहित्य संचतेना मंच द्वारा प्रायोजित एक कवि सम्मेलन का आयोजन महाविद्यालय में किया गया।
10. महाविद्यालय में राष्ट्रीय पर्व के रूप में 15 अगस्त 2018 को स्वतंत्रता दिवस तथा 02 अक्टूबर 2018 को गांधी जयंती को उत्साह पूर्वक मनाया गया।
11. महाविद्यालय में वर्ष भर अनेक महापुरूषों की जयंती तथा राष्ट्रीय महत्व के दिवसों जैसे "राष्ट्रीय खेल दिवस", "राष्ट्रीय शिक्षक दिवस", "राष्ट्रीय हिन्दी दिवस", "राष्ट्रीय शिक्षा दिवस", "राष्ट्रीय गणित दिवस", "राष्ट्रीय युवा दिवस" तथा "राष्ट्रीय मतदाता दिवस" पर विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर मनाया गया।

CamScanner

(२)

12. 30 अगस्त 2018 को निवेश जागरूकता एवं म्यूचुअल फंड विषय पर एक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया।
13. महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई एवं एन.एस.एस. इकाई के विद्यार्थियों को वर्षभर प्रशिक्षण दिया गया। अनेक विद्यार्थियों ने एन.सी.सी. के 'बी' एवं 'सी' प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु विशेष शिविरों में प्रतिभाग किया। दिनांक 12-09-2018 एवं 25-09-2018 को एन.सी.सी. कैडेट्स ने "स्वच्छ भारत अभियान" के अन्तर्गत रैली निकाल कर जन सामान्य को जागरूक किया तथा वृक्षारोपण किया। 29-09-2018 को एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक डे मनाया गया तथा पोस्टर बनाने की प्रतियोगित का आयोजन किया गया। दिनांक 06-12-2018 को एन.सी.सी. कैडेट्स ने गंगा घाटों की साफ सफाई कर जनसामान्य को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया।
14. 17-09-2018 को शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में विश्वकर्मा जंयती को उत्साह पूर्वक मनाया गया।
15. 25-09-2018 को उपजिलाधिकारी, अनूपशहर की गरिमामयी उपस्थिति में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
16. 06-07 अक्टूबर 2018 को अंतरमहाविद्यालयी बास्केटबाल (पुरूष एंव महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय की बास्केटबाल पुरूष एवं महिला टीम का चयन किया गया। महाविद्यालय से रवि गिरि का पुरूष टीम में तथा कुमारी प्रियंका का विश्वविद्यालय की महिला टीम में चयन हुआ।
17. 20-10-2018 को महाविद्यालय में महार्षि बाल्मकि जंयती पर एक विचार गोष्ठी का अयोजन किया गया।
18. 31 अक्टूबर 2018 को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय अंखड़ता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर 'एकता के लिये दौड़' तथा सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।
19. 02-11-2018 को भाषा कार्यशाला सह अतिथि व्याख्यान का बी.एड. विभाग में आयोजन किया गया। अतिथि व्याख्यता के रूप में लाल बाहदुर शास्त्री संस्कृत विद्यापीठ दिल्ली के प्रोफेसर रमेश प्रसाद पाठक ने हिन्दी एवं संस्कृत भाषा का प्रशिक्षण दिया।
20. महाविद्यालय में 11 नवंबर 2018 को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया जिसमें स्वंतत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौ. अबुल कलाम के व्यक्तित्व एवं कृतितत्व पर विचार गोष्ठी का अयोजन किया गया।
21. संस्कृत विभाग में 13-11-2018 से 17-11-2018 तक संस्कृत भाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न विद्यार्थियों ने संस्कृत भाषा की बारीकियों को सीखा।
22. छात्र कल्याण समिति द्वारा दिनांक 20-11-2018 को एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 450 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। दिनांक 24-12-2018 को सोशल मीडिया समाज के लिये हानिकारक है विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
23. दिनांक 03-12-2018 से 08-12-2018 तक छः दिवसीय 'स्काउट एवं गाइड शिविर' का आयोजन किया गया जिसमें बी.एड. प्रशिक्षुओं ने व्यक्तित्व एवं सामाजिक विकास की अनेक विधाओं को सीखा तथा विभिन्न सामाजिक बुराईयों जैसे-कन्या भ्रूण हत्या, दहेज हत्या, अशिक्षा आदि को मिटाने हेतु एक जनजागरण रैली भी निकाली।
24. महाविद्यालय में वार्षिक 'खेलकूद प्रतियोगिता' का आयोजन दिनांक 18 एवं 19 जनवरी 2019 को किया गया, जिसमें अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।
25. 23-01-2019 को महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जंयती के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।
26. दिनांक 26-01-2019 को महाविद्यालय में 'गणतंत्र दिवस' समारोह धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।
27. दिनांक 01 फरवरी 2019 को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रत्येक कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा महाविद्यालय की पत्रिका 'ऋतम्भरा के बाईसवें अंक' का विमोचन किया गया।

श्रद्धेय श्री जयप्रकाश जी गौड़ अध्यक्ष, ऐंग्लो वैदिक शिक्षा समिति के नेतृत्व में महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।



CamScanner